**Department of Information Technology & Communication**

**List of Total Budget Announcements for F.Y. 2022-2023**

| S. No | Para No. | Annoucement Para / Description |
|---|---|---|
| 1 | 42.0.0 | Service Sector, MSMEs एवं Start ups को सस्ती दरों पर Plug & Play Facility उपलब्ध कराने के लिए जयपुर, जोधपुर व कोटा में 200-200 करोड़ रुपये से Rajiv Gandhi Knowledge Service & Innovation Hubs बनाने की घोषणा। इन Hubs में महिलाओं के लिए पृथक् स्थान चिन्हित कर W-Hub बनाया जाना भी प्रस्तावित है। |
| 2 | 114.0.0 | कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने एवं पात्र परिवार को घर बैठे सरकार की सुविधाओं का लाभ पहुंचाने की दृष्टि से 'मुख्यमंत्री डिजिटल सेवा योजना' प्रारम्भ करना प्रस्तावित। इसके तहत लगभग एक करोड़ 33 लाख चिरंजीवी परिवारों की महिला मुखियाओं को तीन वर्ष की internet connectivity के साथ smart phone दिये जाने की घोषणा। इस पर 2 हजार 500 करोड़ रुपये वार्षिक का व्यय किया जायेगा। इससे सभी तरह की सेवायें प्राप्त करने के साथ-साथ शिकायतों के त्वरित निस्तारण की सुविधा भी मिल सकेगी। |
| 3 | 115.0.0 | वर्ष 2009-10 में प्रदेश का प्रथम एकीकृत राजकीय Call Centre स्थापित किया गया था। वर्तमान में यह 400 Seater Call Centre, 181 CM Helpline के रूप में कार्यरत है। इस Toll Free Helpline ने आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनकी समस्याओं के निराकरण में अहम भूमिका निभायी है। इसके दृष्टिगत 181 CM Helpline को और अधिक सुदृढ़ करते हुए इसे 400 से बढ़ाकर एक हजार Seater Call Centre करने की घोषणा। इस पर 50 करोड़ रुपये का व्यय होगा। |
| 4 | 116.0.0 | विभिन्न विभागों द्वारा पात्रतानुसार लाभार्थियों को Non-cash Benefits यथा Scooty, Laptop, Cycle, कृषि उपकरण, विशेष योग्यजन के उपकरण आदि उपलब्ध कराये जाते हैं। इस कार्य में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता लाने के साथ-साथ, लाभार्थियों को विकल्प प्रदान कर empower किया जायेगा। इसके लिए आगामी वर्ष से 'e-RUPI' एवं 'जन आधार e-Wallet' के माध्यम से इन लाभार्थियों को स्वयं अपनी पसंद से सामग्री क्रय करवाया जाना प्रस्तावित है। |
| 5 | 282.0.0 | आज प्रदेश में, आम जन को ई-मित्र के माध्यम से घर के नजदीक 500 से अधिक सेवाएं उपलब्ध करवायी जा रही हैं। इसमें विस्तार करते हुए निजी क्षेत्र की लगभग 200 अन्य जन उपयोगी सेवाएं यथा ई-कामर्स, ई-शिक्षा, कृषि क्षेत्र एवं चिकित्सा परामर्श आदि भी ई-मित्र के माध्यम से उपलब्ध करवायी जायेंगी। |
| 6 | 117.0.0 | ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक- Block Chain के उपयोग से विभिन्न परियोजनाओं जैसे- Integrated Financial Management System (IFMS)3.0, इलेक्ट्रॉनिक हैल्थ रिकार्ड्स, जन आधार रेजिडेंट डाटा रिपॉजिटरी आदि में पारदर्शिता और सुरक्षा को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से 30 करोड़ रुपये की राशि से Block Chain Centre of Excellence की स्थापना की जायेगी। |